राजस्थान सरकार
आयुक्तालय,मिड डे मील

F.4(396)/E.E./MDM/Tech./Misc./2023-00031/1148 दिनांकः– 26-03-2024

जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय–प्रारम्भिक
समस्त जिला, राजस्थान।

अतिआवश्यक

विषयः– Automated Monitoring System(MDMHP Portal) के संबंध में कारण बताओ नोटिस।

संदर्भः– इस कार्यालय के पूर्व पत्र संख्या 1096 दिनांक 14 मार्च, 2024

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि पीएम पोषण योजनान्तर्गत संचालित Automated Monitoring System(MDMHP Portal) पर विद्यालयों द्वारा प्रतिदिन भोजन परोसे जाने के बाद उक्त पोर्टल पर लाभार्थियों की संख्या के संबंध में मैसेज/सूचना भिजवायी जानी होती है।

इस पोर्टल की मॉनिटरिंग सीधे भारत सरकार द्वारा की जाती है। AMS पोर्टल पर राजस्थान राज्य का दैनिक रिपोर्ट स्टेट्स केवल 21.09 प्रतिशत रहने पर भारत सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। उक्त पोर्टल की संलग्न रिपोर्ट का अवलोकन करने पर पाया गया है कि आप द्वारा उक्त पोर्टल की प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। जिससे अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो रहे है। उक्त के संबंध में 2 दिवस में कारण बताते हुए Automated Monitoring System(MDMHP Portal) पर दैनिक सूचना नहीं भिजवाने विद्यालयों को आवश्यक रूप से मैसेज/सूचना भेजने हेतु निर्देशित करने हेतु निर्देशित किया गया था। खेद का विषय है कि उक्त पोर्टल पर अभी तक अपेक्षित फीडिंग की प्रगति आशा अनुकुल नहीं है। पुनः निर्देशित है कि सम्बन्धित को इस सम्बन्ध में निर्देशित करें कि उक्त पोर्टल पर अपेक्षित फीडिंग नियमित रूप से की जाये एवं इसकी प्रभावी मोनिटरिंग सुनिश्चित की जाये।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाये एवं किसी भी स्तर पर लापरवाही की स्थिति में संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

(विश्व मोहन शर्मा)
आयुक्त

F.4(396)/E.E./MDM/Tech./Misc./2023-00031/1148 दिनांकः–26-03-2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राज0, जयपुर।
2. समस्त जिला कलेक्टर।
3. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला, राजस्थान।
4. रक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by Vishwa Mohan Sharma
Designation : Commissioner
Date: 2024.03.22 18:37:20 IST
Reason: Approved

Ref 6301793

अति0 आयुक्त